भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1808

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

ईस्ट-वेस्ट कॉरिडॉर परियोजना

1808. श्री परिमल शुक्ला बैद्यः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

पूर्व-पश्चिम गलियारा परियोजना और जोवाई मालीडोर (राष्ट्रीय राजमार्ग-6) की वर्तमान स्थिति और ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

असम राज्य में पूर्व-पश्चिम गलियारे की कुल लंबाई लगभग 661 किलोमीटर है। वर्तमान में, 638 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है और शेष 23 किलोमीटर का कार्य कार्यान्वयन चरण पर है, जिसके पूरा होने की संशोधित निर्धारित तिथि जनवरी 2026 है।

जोवाई मालिडोर (रारा-6) को वर्ष 2018 में पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा, जोवाई से राताचेरा तक सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी गई है, जिसका पूरा होने का निर्धारित समय मार्च 2025 है।

*****